# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751-244228 (कार्यालय)
ई-मेल : E-mail : jiwajidcdc@gmail.com
Website :http://www.jiwaji.edu/

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2024/1894 दिनांक : 01-07-2024

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- म.प्र. लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निशुल्क प्रशिक्षण के संबंध में।

संदर्भः- कार्यालय, शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, ग्वालियर से प्राप्त पत्र क्र. पीईटीसी/प्रशि./2024/94 ग्वालियर दिनांक 06.06.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के लेख है कि है कि अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु संभाग स्तरीय परीक्षा पूर्व निशुल्क प्रशिक्षण सम्पन्न कराया जा रहा है।

अतः उक्त संबंध में समस्त सम्बद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य/संचालक/सचिव को सूचित किया जाता कि वे अपने महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र एवं छात्राओं को प्रशिक्षण में सम्मलित होने हेतु सूचित किया जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्नः-** कार्यालय, शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, ग्वालियर से प्राप्त पत्र।

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि :-**

1. अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा, ग्वालियर-चम्बल संभाग,कस्तूरबा चौराहा कम्पू,लश्कर ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. श्री एच.के. द्विवेदी, प्रभारी, आई. टी. सेल. की ओर इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्त पत्र को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।

**निदेशक,**
**महाविद्यालयीन विकास परिषद्**

# कार्यालय, शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र , ग्वालियर

अनुसूचित जाति विकास ( शारदा विहार , सिटीसेंटर , ग्वालियर)

Phone no.0751–2990883 Email- adpetcgwa@mp.gov.in

क / पी.ई.टीसी. / प्रशि. / 2024 / 94 ग्वालियर , दिनांक 06/06/24

प्रति ,

R/1298
27/6/2024

आयुक्त
जनसंपर्क विभाग
म0प्र0 भोपाल

विषय :– म0प्र0 लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगबी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए विज्ञप्ति का प्रकाशन बाबत।

अनु0जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित संभाग स्तरीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर में म0प्र0 लोकसेवा आयोग तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशि0 प्राप्त करने के लिए विज्ञप्ति का प्रकाशन कराया जाना है। निःशुल्क प्रशि0 के लिए म0प्र0 के मूल निवासी अनु0जाति / जनजाति के विद्यार्थी प्रवेश प्राप्त कर प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकते है। यह शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है।

अतः संलग्न विज्ञप्ति का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्रों में कराने का कष्ट करे। जिससे अधिक से अधिक छात्र / छात्राऐं विभाग की इस योजना का लाभ प्राप्त कर सके।

संलग्न :– विज्ञप्ति

**प्राचार्य**
**शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र**
**अनु0जाति विकास–ग्वालियर**

पृ0क / पी.ई.टीसी. / प्रशि. / 2024 / 95 ग्वालियर , दिनांक 06/06/24

**प्रतिलिपि :–**

1. अपर संचालक जनसंपर्क विभाग म0प्र0 ग्वालियर की ओर व्यापक प्रचार प्रसार हेतु दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित ।
2. कुल सचिव जीवाजी विश्व विद्यालय ग्वालियर की ओर व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रेषित।
3. प्रमुख संपादक महोदय दैनिक समाचार पत्र – दैनिक भास्कर / पत्रिका / नई दुनिया एवं अन्य प्रमुख समाचार पत्र – कृपया म0प्र0 शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के व्यापक प्रचार –प्रसार हेतु संलग्न समाचार का प्रकाशन करने का कष्ट करे।
4. सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ,ग्वालियर तथा समस्त अधीक्षक / अधिक्षिका पोस्ट मेट्रिक छात्रावास ग्वालियर की ओर अधिक से अधिक छात्र / छात्राओं को सूचित करने की कार्यवाही करने का अनुरोध है।
5. समस्त प्राचार्य महो0 महाविद्यालय / विद्या0 ग्वालियर – व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु अनुरोध है।

**प्राचार्य**
**शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र**
**अनु0जाति विकास–ग्वालियर**

10/6/24.
प्राचार्य

# कार्यालय, शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र , ग्वालियर

अनुसूचित जाति विकास ( शारदा विहार , सिटीसेंटर , ग्वालियर)

Phone no.0751–2990883 Email- adpetcgwa@mp.gov.in


क्र / पी.ई.टी.सी. / प्रशि. / 2024 / 94 ग्वालियर , दिनांक 06/06/24

## विज्ञप्ति

## प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**प्रशिक्षण प्रारंभ दिनांक 01 जुलाई 2024**
**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24.06.2024**

म0प्र0 के मूल निवासी अनु0जाति तथा जनजाति के छात्र/छात्राओं हेतु म0प्र0 लोकसेवा आयोग तथा म0प्र0 कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित जैस–पुलिस, राजस्व अन्य विभाग की चयन परीक्षाओं तथा .,रेलवे, एस.एस.सी., की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाना है। जिसमें सामान्य ज्ञान, विज्ञान एवं तकनीकी ,अंग्रेजी, भूगोल , संविधान , इतिहास, कैम्प्यूटर, गणित एवं रीजनिंग, अर्थशास्त्र आदि विषयों का अध्यापन कार्य किया जाता है। नियमित रुप से विषयवार मॉक टेस्ट भी आयोजित किये जाते है। केन्द्र में निःशुल्क पुस्तकालय एवं कम्प्युटर सुविधा उपलब्ध है, केंद्र में प्रशिक्षण हेतु आवेदको के लिए 150 स्थान स्वीकृत है।

**प्रवेश हेतु पात्रता / शर्तें:–**

1. आवेदक म0प्र0 का मूल निवासी के साथ –2 अनु0जाति/जनजाति का सदस्य हो।
2. आवेदक परिवार की वार्षिक आय 6 लाख से अधिक ना हो।
3. कुल निर्धारित सीटों में से 50 प्रतिशत स्थान महिला: प्रशिक्षणार्थियों के लिये आरक्षित रहेगें।
4. आवेदन प्रतियोगी परीक्षा के लिए निर्धारित योग्यता रखता हो तथा निर्धारित योग्यता परीक्षा में कमसे कम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण की हो।
5. आवेदक को प्रतियोगी परीक्षा में आवेदन करना अनिवार्य होगा।
6. प्रशिक्षणार्थियों को नियमानुसार शिष्यावृति देय होगी ।

अतः निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए पात्र आवेदक समस्त आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ केंद्र में दिनांक 24 जून 2024 तक आवेदन प्रस्तुत कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

**प्राचार्य**
**शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र**
**अनु0जाति विकास–ग्वालियर**